Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to streamline the Public Distribution System in Sheohar Parliamentary Constituency, Bihar - Laid

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): महोदया, सदन के माध्यम से मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र अंतर्गत शिवहर, सीतामढ़ी एवं पूर्वी चम्पारण जिले में पीडीएस (जन वितरण प्रणाली) में व्याप्त कथित अनियमितताओं की ओर आकृष्ट करना चाहती हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र के शिवहर, बेलसंड, सीतामढ़ी सदर, पकड़ीदयाल एवं सिकरहना (ढाका) अनुमंडलों में राशन के उठाव एवं आवंटन में भारी अव्यवस्था है । अक्सर ऐसी शिकायत प्राप्त होती रहती है कि एक ही ग्राम पंचायत में अवस्थित किसी चुनिंदा डीलर को तीन हजार यूनिट तो दूसरे डीलर को मात्र एक हजार यूनिट राशन का आवंटन संबंधित एम.ओ. एवं अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा किया जाता रहा है तथा ससमय राशन का आवंटन भी नहीं होता और पंचायतों को दिए जाने वाले राशन को रोटेशन की तर्ज पर बेच दिया जाता है । बिचौलियों द्वारा सरकारी अनाज की कथित बंदरबांट हो रही है तथा इसमें कई माफिया सक्रिय हैं । इससे गरीबों को सरकार की जन-कल्याणकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है । इसके कई प्रमाण हम लोगों के समक्ष आए हैं । राशन वितरण में व्याप्त अनियमितताओं को दूर करने हेतु सरकार के स्तर पर कई प्रयास हो रहे हैं, किन्तु भ्रष्ट तत्वों द्वारा सरकार के प्रयास को विफल करने हेतु एवं नियमों की अवहेलना के नये-नये रास्ते अपनाए जा रहे हैं । यह भी आवश्यक है कि ग्राम पंचायत अंतर्गत अवस्थित पीडीएस की दुकानों में एकरूपता लाने हेतु प्रत्येक दुकान को समान रूप से यूनिट के आवंटन की व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु नियम बनाए जाएं । मैं इस विषय से राज्य सरकार के संबंधित मंत्रालय को भी समय-समय पर अवगत कराती रही हूं, परन्तु अब तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है ।

अत: सदन के माध्यम से सरकार से मेरा अनुरोध होगा कि उपरोक्त विषय को अपने संज्ञान में लेते हुए अपेक्षित कार्रवाई की जाए, जिससे कि

सरकार की कल्याणकारी योजना में व्याप्त अनियमितताओं को रोका जा सके तथा इसका शत-प्रतिशत लाभ गरीबों तक पहुंच सके ।